<u>भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u>

भा.वा.अ.शि.प.- वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में दिनांक 26 जून, 2023 को **‘<u>कंप्यूटर में हिन्दी का प्रयोग</u>’** विषय पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में संस्थान के स्थापना एवं लेखा अनुभाग सहित अन्य प्रकोष्ठ के कुल 13 से भी अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम, संस्थान के हिन्दी प्रकोष्ठ के केंद्रक अधिकारी डॉ. विश्वनाथ शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित सभी कर्मचारियों का स्वागत किया। साथ ही, सभी को आज के कार्यशाला के उद्देश्य से अवगत कराया। संस्थान के श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने सभी कार्मिकों को हिन्दी ई-टूल, यूनीकोड, हिन्दी फॉन्ट, हिन्दी टाइपिंग की विभिन्न विधियों एवं उनके लेआउट आदि के विषय में एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया। तत्पश्चात्, सभी कार्मिकों को व्यावहारिक तौर पर कंप्यूटर पर इन-स्क्रिप्ट लेआउट में हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में, संस्थान के निदेशक डॉ. आर.के. बोरा जी ने सभी कर्मचारियों को हिन्दी टाइपिंग सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होने हिन्दी टंकण में उनके प्रदर्शन का अवलोकन भी किया। उन्होने सभी से अनुरोध किया कि सभी कार्मिक हिन्दी में नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग अत्यधिक मात्रा में करें ताकि राजभाषा लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

इसके अलावा, कार्यक्रम में हिन्दी शब्द संसाधन/हिन्दी टंकण पत्राचार परीक्षा (वर्ष-2022) उत्तीर्ण करने पर श्री शंकर शॉ, जेटीओ; कारलूस कन्डूलना, आशुलिपिक; श्री उदयन शर्मा, अवर श्रेणी लिपिक; श्री अजित नाथ, अवर श्रेणी लिपिक को संस्थान के निदेशक महोदय डॉ. आर.के. बोरा के कर-कमलों द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

हिन्दी कार्यशाला कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ...











বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
RAIN FOREST RESEARCH INSTITUTE
Indian Council of Forestry Research & Education

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान
RAIN FORES
ESEARC
NSTITUTE
Indian Council
& Education
Ministry of Environ
Govt. of India
DIRECTOR

समाप्त...